दिन– गुरुवार

दिनांक– 18 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्योहारों के मौसम में देशवासियों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने और बेचने की अपील की।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज रोहतास और बेगूसराय में बीस जिलों के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

03. निर्वाचन आयोग ने ईवीएम मतपत्रों के डिज़ाइन और मुद्रण के लिए दिशानिर्देशों में संशोधन किया। देश में पहली बार बिहार विधानसभा चुनाव से ईवीएम पर उम्मीदवारों की रंगीन फोटो प्रदर्शित होगी।

04. और, मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, बक्सर और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि त्योहारों का मौसम स्वदेशी मंत्र को साबित करने का भी समय है। मध्य प्रदेश के धार में एक जनसभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने नागरिकों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि वे जो कुछ भी खरीदें या बेचें वह भारत में निर्मित होना चाहिए।

———बाईट———

————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज बिहार दौरे पर हैं। श्री शाह रोहतास और बेगूसराय में बीस जिलों के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। वे विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्री शाह कल देर शाम पटना पहुंचे। पटना हवाई अड्डे पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट–

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज दिन के 11 बजे रोहतास जिले के डेहरी में शाहाबाद और मगध क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। इस बैठक में कार्यकर्ताओं के अलावा रोहतास, कैमूर, आरा, बक्सर, गयाजी, नवादा, जहानाबाद, अरवल और औरंगाबाद के सांसद, विधायक, विधान परिषद और पार्टी के पदाधिकारी भाग लेंगे। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तय होगी, ताकि विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित हो सके। श्री शाह इसके बाद दूसरी बैठक दोपहर बाद बेगूसराय में करेंगे। इस बैठक में पटना ग्रामीण, पटना महानगर, बाढ़, नालंदा, शेखपुरा, मुंगेर, जमुई, लखीसराय, खगड़िया और बेगूसराय के सांसद, विधायक, विधान परिषद और पार्टी के कार्यकर्ता भाग लेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से धर्मेन्द्र कुमार राय।

———————————————————————

विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आज प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की पटना के सदाकत आश्रम में एक बैठक होगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि बैठक में उम्मीदवारों के चयन पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। बैठक में समिति के सभी उनतालीस सदस्यों के साथ ही पार्टी के सांसद, विधायक, विधान पार्षद और कांग्रेस वर्किंग कमिटी के सदस्य शामिल होंगे। इस बैठक में पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के भी शामिल होने की सम्भावना है।

———————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि बिहार के लोगों में बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार को लेकर व्यापक आक्रोश है। बिहार अधिकार यात्रा के दूसरे दिन पटना के बाढ़ में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है। इंडी गठबंधन को समाज के हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है।

———बाइट———

———————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्र से तीन बार जदयू की विधायक रहीं मीना द्विवेदी जन सुराज में शामिल हो गयी हैं। उन्होंने पटना में पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर की उपस्थिति में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। मीना द्विवेदी ने पिछले दिनों जदयू की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने ईवीएम मतपत्रों की स्पष्टता और पठनीयता बढ़ाने के लिए मतपत्रों के डिज़ाइन और प्रिटिंग के मौजूदा दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। दिशानिर्देशों के अनुसार ईवीएम पर उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें प्रिंट की जाएँगी और बेहतर दृश्यता के लिए उम्मीदवार का चेहरा तस्वीर के तीन–चौथाई हिस्से पर होगा। सभी उम्मीदवारों और नोटा के नाम एक ही फ़ॉन्ट में प्रिंट किए जाएँगे ताकि सभी नाम आसानी से पढ़े जा सके। आयोग ने बताया कि आगामी चुनावों में उन्नत ईवीएम मतपत्रों का उपयोग किया जाएगा और इसकी शुरुआत बिहार से होगी।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व सरकार जनसेवा और सुशासन के मंत्र का पालन करते हुये परिवर्तन और प्रगति के अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज हम बात कर रहे हैं मोदी सरकार सम्बद्ध गतिविधियों में बढ़ोतरी के माध्यम से कृषि को विविधतापूर्ण क्षेत्र में बदल दिया है। एक रिपोर्ट–

———सेवा पर्व———

——————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से वस्तु और सेवा कर– जीएसटी में सुधारों की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करते हुए तीन सितम्बर को जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की थी। नई दरें बाईस सितंबर से लागू होंगी जिससे लोगों को फायदा मिलेगा। आज हम कपड़ा क्षेत्र पर एक नज़र डाल रहे हैं।

———बाईट———

——————————————————————————————

सिखों के नौवें गुरु श्री तेग बहादुर जी की तीन सौ पचासवीं शहादत दिवस के अवसर पर पटना सिटी स्थित तख्त श्री हरिमंदिर साहिब से कल जागृति यात्रा की शुरूआत हुई। इस यात्रा में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत देश–विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये। गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटी के अध्यक्ष सूरज सिंह नलवा ने बताया कि यह यात्रा नौ राज्यों का भ्रमण करते होते हुये पंजाब के तख्त श्री केशगढ़ साहिब में सम्पन्न होगी।

———बाईट———

——————————————————————————————

कटिहार रेल मंडल दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुये तेरह जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह ने ये जानकारी दी।

———बाइट———

——————————————————————————————

राज्य में मॉनसून पूरी सक्रिय है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, बक्सर और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

———बाइट———

——————————————————————————————

नेपाल के जल ग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश होने से प्रदेश में गंडक समेत कई छोटी–बड़ी नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया

कि वाल्मीकिनगर गंडक बराज से दो लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद निचले इकालों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है।

———————————————————————

वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर ओम प्रकाश जमुआर की अद्यतन प्रकाशित पुस्तक मगही के थाती का आज पटना के बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में लोकार्पण होगा। पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार पुस्तक का लोकार्पण करेंगे।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्योहारों के मौसम में देशवासियों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने और बेचने की अपील की।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज रोहतास और बेगूसराय में बीस जिलों के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

03. निर्वाचन आयोग ने ईवीएम मतपत्रों के डिज़ाइन और मुद्रण के लिए दिशानिर्देशों में संशोधन किया। देश में पहली बार बिहार विधानसभा चुनाव से ईवीएम पर उम्मीदवारों की रंगीन फोटो प्रदर्शित होगी।

04. और, मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, बक्सर और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।